# ग्रेनो में लगेंगी मेडिकल उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयां

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा में मेडिकल उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इन इकाइयों की स्थापना को लेकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने नई योजना लांच की है। इसके तहत सेक्टर-28 में 21 भूखंडों का आवंटन विभिन्न प्रकार के मेडिकल उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों को किया जाएगा। इनमें 1,000 वर्ग मीटर के 16 तथा 2,100 वर्ग मीटर के पांच भूखंड शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन मेडिकल उपकरण पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। यीडा की नई योजना इस पार्क की स्थापना में सहायक सिद्ध होगी। कैंसर केयर, रेडियोलाजी सहित विभिन्न प्रकार के मेडिकल इंप्लांट्स व उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयां भूखंडों के आवंटन के लिए सात जुलाई तक आवेदन कर सकेंगी। मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत कैंसर केयर, रेडियोलाजी, इमेजिंग, आइवीडी,

**यीडा करेगा 21 भूखंडों का आवंटन, कैंसर केयर, रेडियोलाजी सहित विभिन्न प्रकार के मेडिकल उपकरणों का होगा निर्माण**

इंप्लांट व मेडिकल केयर से जुड़े इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस, कार्डियो रेस्पिरेटरी मेडिकल उपकरण तथा अन्य मेडिकल उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। यीडा ने 1,000 वर्ग मीटर के भूखंडों की दर 7,730 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की है। भूखंड की प्रीमियम राशि 77.30 लाख रुपये तथा पंजीकरण शुल्क 7.73 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार 2,100 वर्ग मीटर के भूखंडों के आवंटन के लिए प्रीमियम राशि 1.62 करोड़ रुपये तथा पंजीकरण शुल्क 16.23 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी, एफ-1 मोटो जीपी ट्रैक, डेडिकेटेड एमएसएमई, अपैरल-हैंडीक्राफ्ट व टाय पार्क के साथ मेडिकल डिवाइस पार्क की सीधी कनेक्टिविटी है।